भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1388

जिसका उत्तर 13 फरवरी, 2025 को दिया जाना है।

.....

भू-नीर पोर्टल पहल

1388. श्रीमती पूनमबेन माडमः

श्री अनुराग सिंह ठाकुरः

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भू-नीर पोर्टल पहल के मुख्य उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा उक्त पहल को कार्यान्वयन करने के लिए क्या विशिष्ट कदम उठाए हैं/उठाए जा रहे हैं तथा इसके कार्यान्वयन की अपेक्षित समय-सीमा क्या है तथा इसके क्या अपेक्षित परिणाम होंगे; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त पोर्टल के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा आम जनता तक इसकी आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए/किए जा रहे हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी

(क): "भू-नीर" केंद्रीय भूमिजल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) की संयुक्त टीम द्वारा विकसित एक अत्याधुनिक पोर्टल है। इस पोर्टल को भूजल के निष्कर्षण हेतु एनओसी आवेदन प्रस्तुत करने के लिए एक त्वरित और सुलभ मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देश में भूजल विकास और प्रबंधन के विनियमन के लिए एक सुचारू और कुशल तंत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। दिनांक 24.09.2020 के दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, भूजल निष्कर्षण के लिए विभिन्न श्रेणियों के उपयोगकर्ताओं द्वारा एनओसी आवेदन भू-नीर पोर्टल पर प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इस पोर्टल को कई उन्नत एवं सरल विशेषताओं के साथ विकसित किया गया है ताकि भूजल उपयोग में पारदर्शिता, दक्षता और स्थिरता सुनिश्चित की जा सके।

(ख): भू-नीर पोर्टल को 30 अक्टूबर 2024 से सक्रिय कर दिया गया है। यह पोर्टल नए एनओसी जारी करने और इनके नवीनीकरण संबंधी आवेदनों की ऑनलाइन फाइलिंग और प्रसंस्करण हेतु आम जनता के लिए उपलब्ध है।

(ग): इस पोर्टल को माननीय जल शक्ति मंत्री, द्वारा दिनांक 19.09.2024 को 8वें भारत जल सप्ताह (आईडब्ल्यूडब्ल्यू) के समापन सत्र के दौरान लॉन्च किया गया था। आईडब्ल्यूडब्ल्यू प्लेटफॉर्म पर इस पोर्टल के लॉन्च से इसे व्यापक प्रचार एवं लोकप्रियता प्राप्त हुई क्योंकि इस कार्यक्रम को मीडिया द्वारा बड़े पैमाने पर कवर किया गया था। इस कार्यक्रम में औद्योगिक प्रतिष्ठानों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मंत्रालय द्वारा दिनांक 20.11.2024 को भू-नीर पोर्टल के शुभारंभ पर विशेष रूप से एक प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की गई, ताकि इस विषय का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा सके।

इसके अतिरिक्त, सीजीडब्ल्यूए द्वारा विभिन्न चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है और इस पोर्टल तथा इसकी उपयोगिताओं के विषय में आम जनता और विशेष रूप से भूजल का निष्कर्षण करने वाले परियोजना प्रस्तावकों को संवेदनशील बनाने के लिए जन संपर्क कार्यक्रम (पीआईपी) आयोजित किए जाते है। यह उल्लेखनीय है कि इस पोर्टल के संचालन को सुगम बनाने के लिए इसमे कई उपयोक्ता- अनुकूल सुविधाओं का विकास किया गया है। इससे परियोजना प्रस्तावकों को सुव्यवस्थित प्रक्रिया प्रदान करने के लिए सरलीकृत के साथ-साथ सूचनात्मक इंटरफेस, पैन आधारित एकल आईडी प्रणाली, ऑनलाइन शुल्क कैलकुलेटर, आवेदन संबंधी अद्यतन सूचना और एसएमएस और ई-मेल आदि के माध्यम से वास्तविक समय प्रगति अपडेट प्राप्त होती है।

इसके अतिरिक्त, कार्य की सुगमता को ध्यान में रखते हुए, आवेदन भरने के लिए समय और प्रयास को कम करने के लिए पोर्टल के पृष्ठों को एक ही स्थान पर सभी अपेक्षित जानकारी प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

*****